Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

## अध्याय - 10 | परीक्षा

**QUIZ PART-02**

1. **मैदान के पास स्थित नाले की क्या विशेषता थी?**
   A. उस पर मजबूत पुल बना था
   B. उसमें पानी नहीं था
   C. उस पर कोई पुल नहीं था
   D. वह सूखा पड़ा था (C)

*व्याख्या :* मैदान से थोड़ी दूरी पर एक नाला था जिस पर कोई पुल नहीं था और यात्रियों को उसमें से होकर गुजरना पड़ता था।

2. **किसान की गाड़ी नाले में क्यों फँस गई थी?**
   A. बैल भाग गए थे
   B. नाले में कीचड़ और ऊँची चढ़ाई थी
   C. गाड़ी टूटी हुई थी
   D. रास्ता बंद था (B)

*व्याख्या :* नाले में कीचड़ था और उसकी चढ़ाई ऊँची थी, इसलिए गाड़ी ऊपर नहीं चढ़ पा रही थी।

3. **खिलाड़ियों ने किसान को देखकर क्या किया?**
   A. तुरंत मदद की
   B. उससे बातचीत की
   C. देखकर आगे बढ़ गए
   D. बैलों को पानी पिलाया (C)

*व्याख्या :* खिलाड़ियों ने किसान को देखा, परंतु उनमें सहानुभूति नहीं थी और वे बिना मदद किए आगे बढ़ गए।

4. **जिस युवक ने किसान की सहायता की, उसकी क्या स्थिति थी?**
   A. वह बिल्कुल स्वस्थ था
   B. उसके हाथ में चोट थी
   C. वह बहुत थका हुआ था
   D. उसके पैर में चोट लगी थी (D)

*व्याख्या :* युवक के पैरों में हॉकी खेलते समय चोट लग गई थी और वह लँगड़ाता हुआ चल रहा था।

5. **युवक ने किसान की सहायता किस प्रकार की?**
   A. बैलों को खरीद लिया
   B. गाड़ी का सामान उतार दिया
   C. पहियों को धक्का लगाया
   D. किसान को डाँटा (C)

*व्याख्या :* युवक ने किसान से बैलों को साधने को कहा और स्वयं पहियों को जोर लगाकर धक्का दिया।

6. **गाड़ी को ऊपर चढ़ाने में सफलता कैसे मिली?**
   A. बैल बदल दिए गए
   B. कई लोगों ने मिलकर धक्का लगाया
   C. युवक और किसान के संयुक्त प्रयास से
   D. गाड़ी हल्की कर दी गई (C)

*व्याख्या :* युवक ने पहियों को धक्का लगाया और किसान ने बैलों को ललकारा, जिससे संयुक्त प्रयास से गाड़ी ऊपर चढ़ गई।

7. **किसान ने युवक से क्या कहा था?**
   A. "आप बहुत बलवान हैं।"
   B. "आप राजा हैं।"
   C. "गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है।"
   D. "आपका धन्यवाद।" (C)

*व्याख्या :* किसान ने मुस्कराकर कहा कि गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है, जिससे परिश्रम और साहस का महत्व प्रकट होता है।

8. **दीवानी के पद के लिए किस प्रकार के पुरुष की आवश्यकता थी?**
   A. जिसमें दंभ हो
   B. जो अमीर हो
   C. जिसमें युद्ध कौशल हो
   D. जिसमें दया तथा आत्मबल हो (D)

*व्याख्या :* इस पद के लिए ऐसे पुरुष की आवश्यकता थी जिसके हृदय में दया और आत्मबल हो।

9. **दीवानी के लिए किसका चयन किया गया?**
   A. सरदार सुजानसिंह
   B. पंडित जानकीनाथ
   C. राजा साहब
   D. किसान (B)

*व्याख्या :* दरबार में पंडित जानकीनाथ को दीवानी पद के लिए चुना गया।

10. **प्रस्तुत कहानी के कहानीकार कौन हैं?**
    A. प्रेमचंद
    B. सुमित्रानंदन पंत
    C. महादेवी वर्मा
    D. राजेश जोशी (A)

*व्याख्या :* यह कहानी प्रसिद्ध लेखक प्रेमचंद द्वारा लिखी गई है।